## एक नजर में

### आशियानें टूटने से घुटनों के बल रेंगते हुए पहुंचे जनसुनवाई में, भजनों से जताया विरोध

**खण्डवा ।** शहर के सूरजकुंड वार्ड में रेलवे द्वारा की गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई ने आज एक अनोखे विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पीछे आशियाने उजड़ने से नाराज रहवासी और नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर आज कलेक्ट्रेट परिसर में घुटनों के बल चलते और जमीन पर लेटते हुए पहुंचे। प्रदर्शनकारी सीधे जनसुनवाई हॉल में दाखिल हुए और वहां करीब एक घंटे तक धरना देकर भजन गाए।

आक्रोशित महिलाओं और रहवासियों का कहना है कि वे यहाँ पांच पीढ़ियों से रह रहे हैं और नियमित रूप से टैक्स भर रहे हैं, फिर भी बिना पर्याप्त समय दिए उनके घरों पर बुलडोजर चला दिया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक संवेदनहीनता पर तंज कसते हुए लोगों ने कहा, भगवान, इनके भी घर तोड़ दो। कल भी इस मामले में भारी हंगामा हुआ था, जब नेता प्रतिपक्ष ने सिटी मजिस्ट्रेट के पैर पड़कर उन्हें बजरंग बली का अवतार बताते हुए गरीबों के घर बचाने की गुहार लगाई थी।

रेलवे अब तक घासपुरा मालगोदाम और कब्रिस्तान रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में करीब 100 अतिक्रमण हटा चुका है, जबकि 150 से अधिक निर्माण अभी भी चिन्हित हैं। हंगामे और नारेबाजी के बीच प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की। कलेक्टर द्वारा शाम तक प्रभावित क्षेत्र का पुनः सीमांकन कराने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

### अधिवक्ता संघ ने कौशल का किया स्वागत



**नया हरसूद।** मंगलवार को अधिवक्ता संघ हरसूद ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोनीत होने पर अधिवक्ता नीलेश कौशल का कोर्ट परिसर में भव्य स्वागत कर हर्ष जताया। अधिवक्ता संघ हरसूद के अध्यक्ष गौरीशंकर टाले, सचिव लोकेश साध, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम पवार, उपाध्यक्ष महेंद्र नामदेव, वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार गंगराड़े, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र पगारे,मक़सूद पटेल, धर्मेंद्र नामदेव, नरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा,मुकेश दरबार, श्रीकृष्ण नामदेव, कैलाश यादव, मोहित पाराशर,अभिषेक पगारे,एव अन्य अधिवक्ता साथियो ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### हाई कोर्ट में हिंदी को अनिवार्य किया जाए : सांसद पाटिल



**खंडवा।** न्याय व्यवस्था को आम नागरिकों के लिए सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से भाजपा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने लोकसभा में उच्च न्यायालयों में हिंदी के प्रयोग को अनिवार्य किए जाने की मांग उठाई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद पाटील ने मध्यप्रदेश सहित अन्य हिंदी भाषी राज्यों के उच्च न्यायालयों में न्यायालयीन कार्यवाही और आदेशों की भाषा हिंदी करने का प्रस्ताव रखा। सांसद पाटील ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश उच्च और जिला न्यायालयों में कार्यवाही अंग्रेजी में होती है। इसके कारण ग्रामीण और गरीब वर्ग के लोग, जो अंग्रेजी से परिचित नहीं हैं, अपने ही मामलों की स्थिति ठीक से समझ नहीं पाते और उन्हें वकीलों पर पूरी तरह निर्भर रहना पड़ता है। इससे आम नागरिक और न्याय व्यवस्था के बीच दूरी बढ़ती है।

उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 348(2) और राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 7 का हवाला देते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों में हिंदी या क्षेत्रीय भाषा के प्रयोग से न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जनसुलभ बनेगी। सांसद पाटील ने सरकार से न्यायालयीन कार्यवाही और आदेशों में हिंदी को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

### नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का होगा आज होगा स्वागत

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण एवं शहर) द्वारा संगठन को विस्तार और मजबूती देने के उद्देश्य से आज दोपहर 1 बजे गांधी भवन में एक भव्य स्वागत समारोह एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजित होगी। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह एवं शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में संपन्न होगा। पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार, समारोह में जिले की सभी विधानसभाओं के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया जाएगा, साथ ही निवर्तमान अध्यक्षों की सेवाओं का सम्मान भी होगा। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी गतिविधियों के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देना और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति तैयार करना है। इस दौरान जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी उपस्थि रहेंगे।

### 'साधना सप्ताह' 2 से 8 अप्रैल तक मनाया जाएगा

**खंडवा ।** मिशन कर्मयोगी आईगॉट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आगामी 2 से 8 अप्रैल तक 'साधना सप्ताह' मनाया जाएगा। साधना सप्ताह के सुचारू संचालन एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय कार्यालयों के 2-2 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर श्री अनिल चंदेल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यालयों के कर्मचारियो के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई-दक्ष केंद्र में 25 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बाद में ये प्रशिक्षित कर्मचारी अपने कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी आईगॉट के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन देंगे।

### 5वीं और 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**खंडवा ।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी सुबह 11.30 बजे से अपना परीक्षा परिणाम www.rskmp.in/result.aspx पोर्टल पर देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय के सभाकक्ष में संचालित की जाएगी। इसके बाद सुबह 11:30 बजे परीक्षा परिणाम पोर्टल पर जारी किया जाएगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण राज्य शिक्षा केन्द्र की वेब पोर्टल www.rskmp.in/result.aspx पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी डालकर रिजल्ट देख सकेंगे।

# ओंकारेश्वर बांध की सुरक्षा का उच्च स्तरीय निरीक्षण शुरू

## विशेषज्ञ दल ने किया सूक्ष्म परीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा/ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में बांध क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक मूल्यांकन के लिए 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय विशेषज्ञ दल का तीन दिवसीय निरीक्षण मंगलवार से प्रारंभ हो गया। इस दल का नेतृत्व केंद्रीय जल आयोग के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार बजाज कर रहे हैं।

निरीक्षण के प्रथम दिन की शुरुआत प्रेजेंटेशन सत्र से हुई, जिसमें विशेषज्ञों को ओंकारेश्वर बांध और पावर हाउस की संरचना, डिज़ाइन, संचालन प्रणाली तथा वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद विशेषज्ञ दल ने स्थल पर पहुंचकर बांध और पावर हाउस के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों का गहन निरीक्षण किया।

दल ने बांध की डैम गैलरी, बांध कंट्रोल रूम, पावर हाउस कंट्रोल रूम, टर्बाइन क्षेत्र, जल प्रवाह नियंत्रण तंत्र सहित अन्य संवेदनशील तकनीकी इकाइयों का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकरणों की कार्यक्षमता, निगरानी प्रणाली, संरचनात्मक स्थिति और सुरक्षा प्रोटोकॉल की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्थापित व्यवस्थाओं तथा रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम का भी आकलन किया गया।



विशेषज्ञ दल में विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के अनुभवी सदस्य शामिल हैं, जिनमें राजीव सचदेवा (बांध सुरक्षा विशेषज्ञ), डी.के. द्विवेदी (ई एंड एम विशेषज्ञ), नरेंद्र कुमार (डिजाइन विशेषज्ञ), राकेश चंद शर्मा (भूवैज्ञानिक), श्यामा प्रसाद मुखर्जी (हाइड्रो मैकेनिकल विशेषज्ञ), जे. चंद्रशेखर अय्यर (हाइड्रोलॉजिस्ट), श्यामलाल कपिल (सिस्मिक विशेषज्ञ), पी.डी. कमल शेखरन (इंस्ट्रूमेंटेशन विशेषज्ञ) तथा कुमार सुनील पांडेय (सुपरविजन विशेषज्ञ) शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान बांध की संरचनात्मक मजबूती, जलस्तर नियंत्रण प्रणाली, विद्युत व यांत्रिक उपकरणों की स्थिति, रखरखाव व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन का समग्र आकलन किया गया। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकों और मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बांध की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान करना है, ताकि क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ की जा सके।

तीन दिवसीय निरीक्षण के बाद विशेषज्ञ दल अपनी विस्तृत रिपोर्ट संबंधित विभाग को सौंपेगा, जिसमें तकनीकी उन्नयन, आवश्यक सुधार और सुरक्षा उपायों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव शामिल होंगे। इस दौरान अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।ञ

## 26 से लगेगा पुस्तक मेला, रियायती दरों पर मिलेंगी किताबें

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** आगामी शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर जिले में 26 से 30 मार्च तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला जिमखाना ग्राउंड के पास सूरजकुंड स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगेगा।

मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने पुस्तक विक्रेताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले विद्यार्थियों और उनके पालकों को उचित मूल्य पर तथा रियायती दरों में शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विद्यार्थियों को सभी विषयों की पुस्तकों के पूरे सेट मेले में ही उपलब्ध कराए जाएं और दुकानदार उन्हें अपनी दुकानों पर आने के लिए न कहें।



डॉ. गौड़ा ने निर्देश दिए कि उपलब्ध पुस्तकों और दिए जाने वाले डिस्काउंट की जानकारी स्पष्ट रूप से बैनर पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही बुक स्टॉल पर यह भी दर्शाया जाए कि किन-किन स्कूलों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। प्रत्येक कक्षा की पुस्तकों की सूची काउंटर पर रखी जाए और कॉपियों पर मिलने वाली छूट भी प्रदर्शित की जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी बुक स्टॉल निर्धारित समय पर खुलें-बंद हों और किसी प्रकार का विवाद न हो। किसी समस्या की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर समाधान किया जाए।

## जनसुनवाई में समस्याओं के तुरंत निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान बीड़ ग्राम के निवासियों ने आवेदन देकर बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र चावला द्वारा शासकीय भूमि को नीलाम कर खेती कराई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने मूंदी तहसीलदार को मामले की जांच कर समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

वहीं छैगांवमाखन विकासखंड के ग्राम कैसूम के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल समस्या की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को गांव का दौरा कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।




जनसुनवाई में हरसूद निवासी लताबाई ने सेवा पुस्तिका में दर्ज जन्म तिथि गलत होने की शिकायत की। कलेक्टर ने मंडी सचिव, नया हरसूद को उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा साईं बाबा हाउसिंग कॉलोनी और संतोषी माता वार्ड स्थित स्मार्ट सिटी सी-ब्लॉक कॉलोनी के रहवासियों ने पेयजल और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, के.आर. बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## रैली के साथ 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर आज मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय से टीबी के प्रति सामुदायिक जागरूकता हेतु एक विशाल रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल और जिला क्षय अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया। शहर के प्रमुख मार्गों जैसे घंटा घर, केवलराम चौराहा और जलेबी चौक से होती हुई यह रैली पुनः अस्पताल परिसर में सम्पन्न हुई, जिसमें मेडिकल छात्र, एनसीसी कैडेट्स, नर्सिंग छात्राएं, आशा कार्यकर्ता और विभागीय कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ शक्तिसिंह राठौड़ ने बताया कि आज से जिले में 100 दिवसीय विशेष 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का आगाज किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य झुग्गी बस्तियों, निर्माण स्थलों, जेलों और औद्योगिक क्षेत्रों जैसे संवेदनशील स्थानों पर सक्रिय टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के जरिए टीबी और एनीमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही निक्षय मित्र पहल के माध्यम से मरीजों को निरंतर पोषण सहायता भी प्रदान की जाएगी ताकि सामुदायिक सहभागिता से इस बीमारी के प्रसार को पूरी तरह रोका जा सके।

## मानसिक स्वस्थ रहने के लिए योगा जरूरी ...

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता विषय पर उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा योग के महत्व से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह फरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक हो गया है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है।



इस अवसर पर जिला चिकित्सालय खंडवा के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय इंगले ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि दिन में कम से कम आधा घंटा योग और प्राणायाम के लिए निकालना चाहिए। इससे मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है, एकाग्रता बढ़ती है और अवसाद जैसी समस्याओं से बचाव संभव होता है।

कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस और खेल विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार अब्राहम ने किया।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ प्रमाण-पत्र वितरित किए

**खण्डवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को बोरगांव खुर्द के आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर चुके बच्चों को जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा द्वारा विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। श्रीमती शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रमाण पत्र बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक है तथा उन्हें प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि आज आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी पात्र बच्चों का समय पर विद्यालय में प्रवेश हो। इस कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग संस्था एवं पीरामल संस्था का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती नन्नी बाई, प्रभारी परियोजना अधिकारी ज्योति पटेल, सुपरवाइजर रुखसाना खान एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका तथा बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे।




### कावेरी नदी तट पर श्रमदान कार्यक्रम

**खण्डवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के पुनासा विकासखंड के ग्राम अटूटखास में मंगलवार को कावेरी नदी के तट जल चौपाल आयोजित की गई। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अटूटखास के ग्रामीणों ने कावेरी नदी के घाटों की सफाई के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक मोहन जाट ने ग्रामीणों से कहा कि जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आपसी चर्चा कर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और सोख्ता गड्ढों के निर्माण के सम्बंध में सहमति व्यक्त की, ताकि वर्षा का जल व्यर्थ न बहे, बल्कि वर्षा का जल भूजल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध हो। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक मोहन जाट ने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई।

## भाजपा में स्वेच्छानुसार आजीवन सहयोग निधि का हो रहा है संग्रह

**खंडवा।** इन दोनों भाजपा संगठन द्वारा पूरे देश में आ आजीवन सहयोग निधि का संग्रह किया जा रहा है। प्रदेश संतान द्वारा प्रदेश संगठन द्वारा खंडवा जिले मे पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व महापौर सुभाष कोठारी को आजीवन सहयोग निधि का जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से आजीवन सहयोग निधि का संग्रह का शुभारंभ हुआ है। जो लगातार चल रहा है। मंगलवार को आजीवन सहयोग निधि अभियान अंतर्गत पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, बलराम गोलानी, नीरज भंडारी, राजू चांदमल जैन, दीपक मानसिंगा, रोहित परर्चानी ने अपनी स्वेच्छा से समर्पण राशि का चेक भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर आजीवन सहयोग निधि के प्रभारी सुभाष कोठारी को प्रदान किया, इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री तोमर के साथ सुभाष कोठारी, अमर यादव, तपन डोंगरे, प्रियांशु चौरे , रोहित मिश्रा, भारत पटेल, चंद्रेश पचोरी, नरेंद्र पाटील, टीटू गौर उपस्थित थे ।

